प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि उनकी सरकार देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। राष्ट्रपति आज बजट सत्र के पहले दिन संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थी। केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश भर में तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गो के लिए विशेष योजनाएं चला रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत एआई मिशन शुरू किया गया है। उन्होंने डिजिटल भुगतान प्रणाली की भी सराहना की। इससे पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 में राष्ट्र विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि बजट देश में ऊर्जा और आकांक्षाओं का संचार करेगा। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

..........................

16वी राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने राजस्थान की माटी को प्रणाम करते हुए अभिभाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कामकाज से समाज के हर वर्ग का विकास हुआ है। श्री बागडे ने मौजूदा सरकार के एक साल के कामकाज का ब्योरा दिया और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि सरकार ऊर्जा, तकनीक, महिला और बाल विकास, आर्थिक विकास तथा किसानों के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

..........................

राज्यपाल श्री बागडे ने पूर्ववर्ति सरकार पर ईआरसीपी योजना को अटकाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संशोधित रामजल सेतु परियोजना के तहत 12 हजार करोड़ रूपये के कामों की मंजूरी दी है। राईजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में निवेश को बढावा मिला है। वहीं राज्य विधानसभा को नये गुलाबी कलेवर में तैयार किया गया है। सदन के कामकाज को डिजिटल बनाने के लिए सभी विधायकों की सीट के आगे टेबलेट लगाये गये है।

..........................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महिलाओं के योगदान के बिना देश समृद्ध नहीं हो सकता है। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस समारोह में श्री धनखड़ ने कहा कि देश ने पहली बार लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान किया है। उपराष्ट्रपति ने कार्यस्थल या अन्य किसी भी जगह महिलाओं के साथ किए जाने वाले भेदभाव पर चिंता भी जताई। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग से इस पर मंथन करने को कहा है।

..........................

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ. ने हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से निपटने के लिए नियमित नमक की जगह पोटेशियम युक्त नमक के विकल्प की सिफारिश की है। इसके लिए डब्ल्यूएचओ ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। संगठन के एक अध्ययन में बताया गया है कि अधिक सोडियम उच्च

रक्तचाप का कारण बन सकता है। अध्ययनों के अनुसार हर वर्ष करीब 19 लाख मौतें नमक के अधिक सेवन से जुड़ी हैं।

..........................

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार सीकर में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट हुई है।
वहां पारा 6 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। कल सबसे कम 5 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान फतेहपुर में दर्ज हुआ। अलवर में 6 दशमलव 5, नागौर में 6 दशमलव 7, करौली में 6 दशमलव 9, सिरोही में 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी जयपुर में 12 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। इस बीच आज सुबह कई स्थानों पर कोहरा और कहीं–कहीं बादल छाये रहे। मौसम केंद्र जयपुर ने तीन और चार फरवरी को प्रदेश के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

..........................